भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2885**
बुधवार, 18 मार्च, 2026 (27) फाल्गुन 1947 (शक)) को उत्तरार्थ

## भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड की शेयर पूंजी

2885 # श्रीमती संगीता यादवः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड की वर्तमान अधिकृत शेयर पूंजी कितनी है;

(ख) क्या समिति समय के साथ अपनी अधिकृत शेयर पूंजी को बढ़ा सकती है;

(ग): यदि हाँ, तो इसके लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और शर्तें क्या हैं;

(घ) और अब तक समिति द्वारा अधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि के संबंध में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) की प्राधिकृत शेयर पूंजी ₹500 करोड़ है।

(ख) से (ग): जी हां, मान्यवर । समिति अपनी उपविधियों के खंड 18(2) के अनुसरण में अपनी प्राधिकृत शेयर पूंजी को बढ़ा सकती है । खंड 18 (2) के अनुसार केंद्रीय पंजीयक के पूर्वानुमोदन से समिति अपनी साधारण बैठक में, समय-समय पर, ऐसी संख्या और धनराशि के नए शेयरों के सृजन द्वारा जैसा वह उचित समझे, अपनी प्राधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि कर सकेगी ।

(घ): अब तक प्राधिकृत शेयर पूंजी को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं किया गया है ।

******